प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.6.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– वित्तीय संसाधन जुटाकर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार– सौर ऊर्जा के दोहन की दिशा में उठाए जा रहे हैं कदम।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली सड़कों की मुरम्मत के लिए एक सौ 50 करोड़ रूपए की राशि जल्द जारी करने का केंद्र से किया आग्रह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर हर मोर्च पर विफल रहने का लगाया आरोप– राजभवन पर टिप्पणी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- प्रदेश में मॉनसून की व्यापक वर्षा से गर्मी से मिली राहत– अगले 72 घंटों में अनेक भागों में भारी वर्षा की संभावना।

आत्मनिर्भर हिमाचल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार वित्तीय संसाधन जुटाकर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी। उन्होंने आज ऊना जिले में कुटलैहड़ क्षेत्र के अघलौर में दस मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल विद्युत सरप्लस राज्य होने के बावजूद अक्तूबर से मार्च महीने तक खुले बाजार से बिजली खरीदता है, जिस पर लगभग एक हजार 5 सौ करोड़ रूपए खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों में पानी कम होने की वजह से बिजली परियोजनाओं में उत्पादन कम हो जाता है जिस कारण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बिजली खरीदनी पड़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने सौर ऊर्जा के दोहन की दिशा में कदम उठाए हैं। बाद में मुख्यमंत्री ने अंदरौली में जलक्रीड़ा गतिविधियों का निरीक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर कुलपति की नियुक्ति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी बिल पर शुरू हुए विवाद को लेकर राज्यपाल के समक्ष अपनी बात रखी। राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में किसी भी मंत्री या विधायक के शामिल न होने और कुलपतियों की नियुक्तियों को लेकर कृषि मंत्री द्वारा दिए गए बयान पर नाराज़गी जताई थी और मुख्यमंत्री ने इन सभी मुद्दों को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद की कमी के कारण ही ऐसा हुआ है और भविष्य में राज्यपाल के साथ संवाद को बेहतर बनाया जाएगा ताकि इस तरह की गलतफहमी न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर भी जल्द फैसला लेगी। मुख्यमंत्री ने आने वाले दिनों में भारी वर्षा की

संभावना को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने और आपसी तालमेल से काम करने के निर्देश दिए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों से भी एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिलासपुर की घटना को लेकर कानून के तहत काम कर रही है और कानून के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य परिवहन निगम में तीन सौ 50 बस चालकों की रूकी हुई भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाएगा। शिमला में आज निगम के निदेशक मंडल की बैठक में उन्होंने बताया कि पुरानी बसों के स्थान पर 2 सौ 50 नई डीज़ल बसें और 50 टैंपो ट्रैवलर खरीदने का निर्णय लिया है। अग्निहोत्री ने कहा कि इसके अलावा निगम अपने संसाधनों से लगभग 25 करोड़ रूपए की इलेक्ट्रिक बसें भी खरीदेगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर प्रदेश की सड़क परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला–मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग को टू–लेन की बजाए फोरलेन के रूप में निर्मित करने का मामला पहले ही केंद्रीय मंत्री के साथ उठाया है। विक्रमादित्य सिंह ने नितिन गडकरी से राष्ट्रीय उच्च मार्गों को एक समान उन्नयन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी करने का आग्रह किया। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि उनके आग्रह पर केंद्रीय मंत्री ने शिमला जिले में केंद्रीय सड़क व अवसंरचना निधि के तहत खमाड़ी–टिक्कर सड़क के लिए 20 करोड़ रूपए मंजूर किए। इसके लिए विक्रमादित्य सिंह ने नितिन गडकरी का आभार जताया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मुरम्मत के लिए केंद्रीय मंत्री द्वारा घोषित एक सौ 50 करोड़ रूपए की राशि जल्द जारी करने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में मॉनसून को ध्यान में रखते हुए ये राशि महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

लोक निर्माण मंत्री

इस बीच विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली के द्वारका में निर्माणधीन हिमाचल निकेतन का निरीक्षण किया। इसका निर्माण लगभग एक सौ 46 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। हिमाचल निकेतन में 99 कमरों की व्यवस्था होगी और यहां हिमाचल के लोगों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिलेगी। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि सरकार में बैठे लोग राजभवन पर भी टिप्पणी कर रहे हैं और राज्यपाल को मीडिया में

आकर नाराजगी जाहिर करनी पड़ी है। जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में पिछले वर्ष बरसात में भारी वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई और नाले के तटीकरण के लिए एक करोड़ रूपए देने का ऐलान किया था लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इसके लिए कोई पैसा नहीं दिया गया। विपक्ष के नेता ने कहा कि थुनाग नाले के तटीकरण के लिए उन्होंने अपनी विधायक निधि से 25 लाख रूपए दिए हैं लेकिन सरकार अभी तक काम शुरू नहीं करवा पाई है।

मानवाधिकार आयोग

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रतिवेदक डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने आज किन्नौर जिले में कल्पा उप–जेल का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों से संवाद किया और उन्हें प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। बाद में अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सृष्टि पांडे से जिले में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत्त प्रवासी मजदूरों को श्रम कानून के तहत प्रदान की जा रही सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ का दौरा भी किया और अस्पताल प्रशासन से मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर व मजबूत है और सरकार को गिराने के भाजपा के सपने कभी पूरे नहीं होंगे। इन मंत्रियों ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता लोगों को गुमराह करने के लिए सरकार गिराने को लेकर अनाप–शनाप बयानबाजी कर रहे हैं, जो हास्यास्पद है। रोहित ठाकुर और अनिरूद्ध सिंह ने दावा किया कि 10 जुलाई को होने वाले विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी तीनों सीटों पर जीत हासिल करेगी और पार्टी के विधायकों की संख्या बढ़कर 41 हो जाएगी।

मतदाता

नालागढ़, देहरा और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्रों में दस जुलाई को होने वाले उप–चुनाव में कुल 2 लाख 59 हजार 3 सौ चालीस मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग कर सकेंगे। नालागढ़ में सबसे अधिक 93 हजार 8 सौ 31, देहरा में 84 हजार 6 सौ 94 और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में 76 हजार 8 सौ 92 सामान्य मतदाता हैं। उप–चुनाव के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 3 सौ 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले 24 घंटों में मॉनसून की पहली भारी वर्षा हुई। इस वर्षा से एक ओर जहां लम्बे समय से चला आ रहा सूखे का दौर समाप्त हो गया है वहीं खरीफ फसलों की बिजाई के लिए भी खेतों को पर्याप्त नमी मिल गई है। इस वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। राज्य के अनेक स्थानों पर वर्षा से मलवा गिरने और सड़के अवरूद्ध होने का भी समाचार है। राजधानी शिमला के

मलयाणा में भारी वर्षा के कारण पत्थर व मलबा गिरने से चार गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके अलावा चम्याणा में भी तीन गाड़ियां मलबे के नीचे दबने से क्षतिग्रस्त हो गईं। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन प्रदेश के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सिरमौर और सोलन जिले के कुछ भागों में गरज और आसमानी बिजली गिरने के साथ भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच, भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से वर्षा के दौरान घरों से बाहर निकलते समय एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

<u>चमेरा बांध</u>

इस बीच चंबा जिले के बग्गा स्थित चमेरा चरण–2 के बांध में गाद की मात्रा बढ़ने के कारण 30 जून को रात 11 बजे से पहली जुलाई दोपहर तीन बजे तक बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा जाएगा। ऐसे में बांध के निचले हिस्सों में रावी नदी में पानी बढ़ने की आशंका है। चमेरा पावर स्टेशन के महाप्रबंधक ने लोगों से इस दौरान एहतियात बरतने और नदी के किनारे न जाने की अपील की है।

<u>सेवानिवृत्ति</u>

वरिष्ठ आशुलिपिक मदन लाल वर्मा आज आकाशवाणी शिमला से लगभग 37 वर्षों के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गए। सोलन जिले के दाउंटी निवासी मदन लाल वर्मा ने वर्ष 1986 में आकाशवाणी शिमला में अपनी सेवाएं शुरू कीं और इस दौरान उन्होंने विभिन्न केंद्र निदेशकों, कार्यक्रम प्रमुखों और कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की। आकाशवाणी शिमला परिवार मदन लाल वर्मा के सुखद भविष्य की कामना करता है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– वित्तीय संसाधन जुटाकर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार– सौर ऊर्जा के दोहन की दिशा में उठाए जा रहे हैं कदम।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली सड़कों की मुरम्मत के लिए एक सौ 50 करोड़ रूपए की राशि जल्द जारी करने का केंद्र से किया आग्रह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर हर मोर्च पर विफल रहने का लगाया आरोप– राजभवन पर टिप्पणी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- प्रदेश में मॉनसून की व्यापक वर्षा से गर्मी से मिली राहत– अगले 72 घंटों में अनेक भागों में भारी वर्षा की संभावना।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार